# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 10 भारत-गौरव

**Std 9 GSEB Hindi Solutions भारत-गौरव Textbook Questions and Answers**

**स्वाध्याय**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-दो वाक्य में उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. भारत को प्रकृति का लीला-स्थल क्यों कहा है?**
उत्तर :
भारत में हिमालय के समान मनोहर पर्वत तथा गंगा जैसी पवित्र नदियाँ हैं। इसलिए इस देश को प्रकृति का लीला-स्थल कहा है।

**प्रश्न 2. भारतवर्ष को वृद्ध क्यों कहा गया है.?**
उत्तर :
भारत संसार का सबसे पुराना देश है। इसलिए उसे वृद्ध कहा है।

**प्रश्न 3. विधाता ने नर-सृष्टि का विस्तार कहाँ से किया है?**
उत्तर :
विधाता ने नर-सृष्टि का विस्तार भारत से किया है।

**प्रश्न 4. आर्य किन-किन विषयों के आचार्य थे?**
उत्तर :
आर्य सभी तरह की विद्याओं तथा कला-कौशल में आचार्य थे।

**प्रश्न 5. आययों की संतान आज किस स्थिति में जी रही है?**
उत्तर :
आर्यों की संतान आज अधोगति में जी रही है।

**प्रश्न 6. आर्यों की क्या विशेषताएँ रही हैं.?**
उत्तर :
आर्य हमेशा स्वार्थ से अधिक परोपकार को महत्त्व देते हैं। वे मोह से दूर रहते हैं और निष्क्रिय रहना पसंद नहीं करते।

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के पाँच-छ: वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. गुप्तजी ने भारत के गौरव को किस रूप में हमारे सामने रखा है.?**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उत्तर :
गुप्तजी कहते हैं कि भारत प्रकृति का पुण्य लीला-स्थल है। यह ऋषियों की पावन भूमि है। भारत ही संसार का सिरमौर है। भगवान की बनाई हुई भव-भूतियों का सबसे पहला भंडार भारतवर्ष ही है। यहाँ के निवासी आर्यों की यह प्रसिद्ध भूमि है। आर्यों ने ही संसार को विद्या और कला-कौशल की शिक्षा दी। इस प्रकार कवि ने भारत के गौरव को हमारे सामने रखा है।

**प्रश्न 2. भारतवासियों के बारे में गुप्तजी क्या कहते हैं?**
उत्तर :
गुप्तजी के अनुसार भारतवासी आर्यों की संतानें हैं। एक समय था जब आर्य विद्या और कला-कौशल में सबसे आगे थे। ज्ञानविज्ञान के क्षेत्र में उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता था। परंतु उन महान आर्यों की संतान होकर भी आज भारतवासी अधोगति में पड़े हुए हैं। प्रगति की दौड़ में वे बुरी तरह पिछड़ गए हैं। फिर भी अपने महान पूर्वजों के उच्च आदर्शों को वे भूले नहीं हैं।

## 3. योग्य विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

**प्रश्न 1. भारत को ............. कहा गया है. ।**
(क) ऋषिभूमि
(ख) तपोभूमि
(ग) वीरभूमि
उत्तर :
(क) ऋषिभूमि

**प्रश्न 2. वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का ................ है।**
(क) तिलक
(ख) आभूषण
(ग) सिरमौर
उत्तर :
(ग) सिरमौर

**प्रश्न 3. विधि ने ................ का विस्तार यहीं से किया है।**
(क) नरसृष्टि
(ख) जीवसृष्टि
(ग) पशुसृष्टि
उत्तर :
(क) नरसृष्टि

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 4. भारत के निवासी ................. हैं।**

(क) मंगोल

(ख) आर्य

(ग) शक

उत्तर :

ख) आर्य

**प्रश्न 5. आर्यों की संतानों की आज ........... हो गई है।**

(क) अधोगति

(ख) उन्नति

(ग) अवगति

उत्तर :

(क) अधोगति

**4. 'क' विभाग को 'ख' विभाग के साथ उचित रूप में जोड़ते हुए पूरा वाक्य लिखिए :**

**प्रश्न 1.**

| **'क' विभाग** | **'ख' विभाग** |
|---|---|
| 1. वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का | 1. उत्कर्ष है। |
| 2. विद्या, कला-कौशल के | 2. प्रथम भंडार है। |
| 3. सम्पूर्ण देशों से अधिक भारत का | 3. सिरमौर है। |
| 4. भगवान की भव-भूति का | 4. दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। |
| 5. भारत जैसा पुरातन देश | 5. आर्य है। |
| 6. भारत के निवासी | 6. प्रथम आचार्य आर्य हैं। |

उत्तर :

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| 'क' विभाग | 'ख' विभाग |
|---|---|
| 1. वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का | 3. सिरमौर है। |
| 2. विद्या, कला-कौशल के | 6. प्रथम आचार्य आर्य हैं। |
| 3. सम्पूर्ण देशों से अधिक भारत का | 1. उत्कर्ष है। |
| 4. भगवान की भव-भूति का | 2. प्रथम भंडार है। |
| 5. भारत जैसा पुरातन देश | 4. दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। |
| 6. भारत के निवासी | 5. आर्य है। |

**5. भाव स्पष्ट कीजिए :**

**प्रश्न 1. वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है।**

उत्तर :

सिरमौर का अर्थ है- सरदार अथवा श्रेष्ठ चरित्रवाला नायक। प्राचीनकाल में ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में भारत सबसे आगे था। भारत ने ही दुनिया को भिन्न-भिन्न विद्याएँ सिखाई और कला-कौशल का ज्ञान दिया। इस देश ने ही संसार को सभ्यता और संस्कृति के पाठ सिखाए। आज भी हमारा देश संसार को सुख, शांति और मानवता का संदेश दे रहा है। इस क्षेत्र में दुनिया उसके नेतृत्व को सराह रही है।

**प्रश्न 2. भगवान की भव-भूतियों का यह प्रथम भण्डार है।**

उत्तर :

भव-भूतियाँ अर्थात् संसार के वैभव के उपकरण। सोना, चांदी, हीरे-मोती आदि बहुमूल्य पदार्थों का भारत ने पता लगाया। रेशमी वस्त्र बनाने की कला यहीं विकसित हुई। इस प्रकार भारत में केवल ज्ञान-विज्ञान का विकास हो नहीं हुआ, वैभव के उपकरणों का उपयोग भी यहीं से आरंभ हुआ।

**6. शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए :**

**प्रश्न 1.**

1. **अधोगति**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. **वृद्ध**
3. **पुरातन**
4. **प्रथम**
5. **विस्तार**
6. **पुण्यभूमि**
7. **उत्कर्ष**
8. **उच्च**

उत्तर :

1. उर्ध्वगति
2. युवा
3. नूतन
4. अंतिम
5. संकुचन
6. पापभूमि
7. अपकर्ष
8. निम्न

## 7. शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

**प्रश्न 1.**

1. **हिमालय**
2. **गंगा**
3. **गिरि**
4. **भूमि**
5. **विश्व**
6. **मदिरा**

उत्तर :

1. हिमगिरि
2. भागीरथी
3. पर्वत
4. धरा
5. संसार
6. शराब

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in